1	2	3	4
38.	Nasik	3.13	0.95
39.	Orissa	3.58	2.16
40.	Patiala	4.92	3 62
41.	Pune	11.21	7.63
42.	Kolhapur	1.66	1.38
43.	Rajkot	6.12	3.89
44.	Tamil Nadu	74.34	36.57
45.	West Bengal	190.89	81.63
	Total	1012.07	495.17

यूनियन बैंक आफ इंडिया, दिल्ली की सुन्दर नगर शाखा में डकैती

1022. **श्री राम लाल राही :**
श्री पी० के० कोडियन : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली में हाल ही में यूनियन बैंक आफ इन्डिया की सुन्दर नगर शाखा से लुटेरों ने लगभग दो लाख रुपये लूट लिये थे ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया है और यदि नहीं तो उसके क्या कारण हैं ;

(ग) इस प्रकार की बैंक डकैतियों की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए सरकार ने क्या कदम उठाये हैं ;

(घ) क्या इन बैंकों चोरियों और डकैतियों के पीछे बैंक अधिकारियों का भी हाथ था तथा इस बारे में क्या ब्यौरा है ?

वित्त मंत्रालय में उपमंत्री (श्री जनार्दन पुजारी) : (क) यूनियन बैंक आफ इंडिया ने सूचित किया है कि 6 डाकुओं ने 19.6.84 को उसकी दिल्ली की सुन्दर नगर शाखा से कुल लगभग 1.51 लाख रुपए की नकद रकम लूट ली थी जिसमें विदेशी मुद्रा की रकम भी शामिल है ।

(ख) बैंक द्वारा पुलिस में एक शिकायत दर्ज करवा दी गई थी और उच्च पुलिस अधिकारी शाखा में भी आये थे । पुलिस मामले की जांच कर रही है लेकिन अभी तक किसी की गिरफ्दारी की सूचना नहीं मिली है ।

(ग) सरकार ने सरकारी क्षेत्र के सभी बैंकों को बैंकों में सुरक्षा उपायों को मजबूत करने के लिए कहा है । उन्हें हाल ही में यह भी सलाह दी गई है कि वे सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा करें ताकि यह सुनश्चित किया जा सके कि ये व्यवस्थाएं पर्याप्त, कारगर और भरोसेमंद हैं ।

(घ) बैंक ने यह भी बताया है कि फिलहाल बैंक को किसी अधिकारी या स्टाफ के सदस्य की अंतर्ग्रस्तता का सन्देह नहीं है ।